अमृत विचार
बरेली महानगर
बरेली, मंगलवार, 21 अप्रैल 2026
PAGE NO : IV MIDDLE

जेपीएम की रोमांचक और बेदी की एकतरफा जीत

कार्यालय संवाददाता, बरेली,

खिलाड़ी को ट्राफी देते आयोजक।

- श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट

अमृत विचार : एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-7 के छठवें दिन सोमवार को दो मुकाबले हुए।

पहले मैच में जेपीएम पब्लिक स्कूल की टीम 15.3 ओवर में 119 रन ही बना सकी। हार्टमैन कॉलेज के बल्लेबाजों ने पहले विकेट की साझेदारी में आठ ओवर में 53 रन बना लिए। इसके बाद जेपीएम के गेंदबाजों ने लगातार विकेट निकाल कर मैच को रोमांचक मोड़ पर पहुंचा दिया। आखिरकार जेपीएम पब्लिक स्कूल ने दो रन से जीत हासिल की। दूसरे मैच में बेदी की सटीक गेंदबाजी के आगे डीपीएस की टीम निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 136 रन बना सकी। बेदी की टीम ने 14वें ओवर में 140 रन कर मैच जीत लिया। टूर्नामेंट के ऑर्गनाइजिंग कमेटी के प्रेसिडेंट डा. प्रभाकर गुप्ता और डिप्टी सेक्रेटरी इंजीनियर निपुन पांडेय ने मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी प्रदान की।